भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 5424

गुरुवार, 25 जुलाई, 2019/3 श्रावण, 1941 (शक)

राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं

5424. श्री राजू बिष्टः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि टिंढ़ारी (दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल) में भूस्खलन के कारण 2009 में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-55 बंद है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) उक्त एनएच कब तक खोला जाएगा और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या एनएच-31 पर आने वाले संकीर्ण मार्ग खण्डों के चौड़ीकरण के लिए कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का सिलीगुड़ी में बहु-यातायात चेकप्वाइंटों को सुगम बनाने के लिए फ्लाईओवर, वॉकवे और अंडरपास के निर्माण का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) भारत, म्यांमार, थाईलैंड और सिंगापुर को जोड़ने वाली ट्रांस-एशियन हाईवे परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): सितम्बर, 2016 से टिंढ़ारी पर नियंत्रित स्थिति के तहत यातायात के लिए रारा-55 को खोल दिया गया है। टिंढ़ारी पर क्षतिग्रस्त रोड बेंच का पुर्नस्थापन प्रगति पर है और उसे मार्च 2020 तक पूरा किया जाना लक्षित है।

(ग): किमी 498 से किमी 507 तक इस्लामपुर बाइपास, जो प्रगति पर है, को छोड़कर इस्लामपुर (किमी 498) से घोषपुकुर (किमी 551) तक रारा 31 के 'चिकन नेक कोरीडोर' भाग को पहले से ही 4 लेन में विकसित किया जा चुका है। घोषपुकुर (किमी 551) से बिहार मोड़ (किमी 563) तक के खंड को 4 लेन का बनाया जा रहा है।

(घ): मंत्रालय द्वारा रारा 31 के बिहार मोड़ से शिवमंदीर तक के खंड में एएच-2 परियोजना के तहत पहले ही फ्लाईओवरों और अंडरपासों का निर्माण करवाया जा चुका है। शिवमंदीर से सीवोक आर्मी कैंटोनमेंट तक के खंड के लिए डीपीआर की गई है।

(ड.): भारत,म्यांमार, थाईलैंड और सिंगापुर को जोड़ने वाले ट्रांस एशियन हाईवे के इम्फाल-मोरेह खंड में सुधार शुरू किया गया है।

*****